बाजार में खपाने के लिए रखी नकली 220 बोरी डीएपी बरामद, उन्नाव में हुआ कालाबाजारी का

पर्दाफाश

जागरण संवाददाता, उन्नाव। खाद की बढ़ती मांग को देखते हुए जिले में नकली उर्वरक का धंधा फल फूल रहा है। शुक्रवार रात करीब साढ़े 12 बजे जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने दही औद्योगिक क्षेत्र के पीछे एक खाली पड़े शेड के नीचे छापेमारी की। जहां भारी मात्रा में नकली खाद बरामद की है।

छापेमारी के दौरान मौजूद लोग कथित खाद की पैकिंग को लोडर पर लाद रहे थे। छापे के दौरान कुछ लोग अंधेरे का फायदा उठा कर भाग निकले। जबकि, कृषि अधिकारी के साथ मौजूद टीम ने पिकअप ड्राइवर और क्लीनर को दबोच लिया।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/unnao-unnao-220-bags-of-fake-dap-fertilizer-seized-black-market-operation-busted-40032593.html